तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता : कल्पना



10 प्रज्ञा निर्वाणी ने त्रिपुरा की सांसद महारानी कृति सिंह ...






## परिवारों के पुनर्वास और मुआवजे की मांग, न्याय नहीं मिलने पर जिलेभर में आंदोलन की चेतावनी

# नकटी में मकान तोड़े जाने पर भड़की कांग्रेस सिग्नल चौक पर पुतला फूंककर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम नकटी में 85 परिवारों के मकानों को तोड़े जाने की कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने सिग्नल चौक में मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में हुए इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और सरकार विरोधी नारे लगाए।

प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार गरीब परिवारों के आशियाने उजाड़ रही है। उन्होंने कहा कि बिना समुचित पुनर्वास और मुआवजा दिए 85 परिवारों के मकान तोड़ना अमानवीय और जनविरोधी कदम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। कांग्रेस ने मांग की कि प्रभावित सभी परिवारों को तत्काल उचित मुआवजा, वैकल्पिक आवास और सम्मानजनक पुनर्वास उपलब्ध कराया जाए। साथ ही पूरी कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रभावित परिवारों को जल्द न्याय नहीं मिला तो पार्टी जिलेभर में चरणबद्ध और उग्र आंदोलन शुरू करेगी।



**ये हुए शामिल**

प्रदर्शन में मंगत साहू, प्रणीश चौबे, प्रांजल तिवारी, झम्मन बघेल, हरीश साहू, रश्मि मिश्रा, शकुंतला साहू, राजू साहू, सुमन गोस्वामी, रवि रजक, दीपक दिनकर, जोगेंद्र छाबड़ा, मिथलेश वर्मा, मिन्टा नामदेव, प्रकाश ठाकुर, राम ठाकुर, जावेद खान, द्वारिका तिवारी, प्रतीक दुबे, नारायण छाबड़ा, महेंद्र साहू, निलेश वैष्णव, चितरेन वर्मा, मनीष परिहार, राजेश नवरंगे, कोमल पुरी गोस्वामी, लोकराम साहू, आरिफ भाटिया, लव कुमार, गौरीशंकर शर्मा, भीखम साहू, कमल साहू, शुभम सोनी सहित युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### न्याय न मिलने पर जिलेभर में होगा उग्र आंदोलन

कांग्रेस नेतृत्व ने शासन-प्रशासन के समक्ष अपनी प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि बेघर हुए सभी प्रभावित परिवारों को तत्काल प्रभाव से उचित मुआवजा राशि दी जाए, उनके रहने के लिए वैकल्पिक आवास और सम्मानजनक पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही इस दमनात्मक कार्रवाई की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए। कांग्रेस नेताओं ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि प्रभावित परिवारों को जल्द ही न्याय नहीं मिला, तो पार्टी जिलेभर में चक्काजाम सहित चरणबद्ध और उग्र आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगी।

# कोटवार संघ ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार को सौपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

प्रांतीय आह्वान पर ब्लॉक कोटवार संघ साजा के बैनर तले कोटवारों ने अपनी विभिन्न न्यायोचित मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। नगर के व्यस्ततम बाजार चौक पर एकत्रित होकर कोटवारों ने अपनी आवाज बुलंद की और शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के समापन पर कोटवार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री और जिला कलेक्टर के नाम साजा तहसीलदार को एक विस्तृत ६ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में कोटवारों ने प्रमुख रूप से अपने दैनिक वेतन (पारिश्रमिक) में सम्मानजनक बढ़ोतरी करने, सेवा सुरक्षा की गारंटी देने, राजस्व विभाग में नियमित शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने और बिना किसी उच्च स्तरीय जांच के सीधे निलंबन जैसी एकतरफा दंडात्मक कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। कोटवार संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में वे शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और प्रशासनिक सूचनाओं के आदान-प्रदान में रीढ़ की हड्डी की तरह काम करते हैं, लेकिन इसके एवज में उन्हें मिलने वाला मानदेय बेहद कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शासन ने उनकी ६ सूत्रीय मांगों पर जल्द ही सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया, तो आने वाले समय में कामबंद हड़ताल करते हुए उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### जिला जेल के 500 मीटर दायरे में ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध

**बेमेतरा।** जिला जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक अभेद्य बनाने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने जिला जेल बेमेतरा की सीमा से 500 मीटर के दायरे को आगामी आदेश तक 'नो ड्रोन फ्लाई जोन' घोषित कर दिया है। इस क्षेत्र में अब किसी भी व्यक्ति, संस्था या संगठन द्वारा ड्रोन का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जेल मुख्यालय अटल नगर, रायपुर से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। जिला जेल एकांत क्षेत्र में स्थित होने के कारण असामाजिक तत्वों द्वारा ड्रोन के माध्यम से प्रतिबंधित सामग्री जेल परिसर तक पहुंचाने तथा सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करने की आशंका बनी रहती है। बंदियों की सुरक्षा एवं जेल की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए ड्रोन संचालन पर रोक लगा दी है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में ड्रोन उड़ाते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के ▶▶| शेष पेज 11 पर



# कार्यालयीन कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीआईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय बेमेतरा की विभिन्न शाखाओं की समीक्षा बैठक लेकर कार्यालयीन कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा ई-डार एवं आई-रेड पोर्टल पर समयबद्ध प्रविष्टियां सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में डीआईजी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी कार्यालयीन कार्य अधिकतम डिजिटल माध्यम से किए जाएं। फाइलों का संचालन, पत्राचार एवं अनुमोदन की प्रक्रिया नियमित रूप से ई-ऑफिस के जरिए हो, ताकि कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़े। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित मामलों में ई-डार और आई-रेड पोर्टल पर समय पर जानकारी दर्ज करने तथा यातायात नियमों के उल्लंघन पर नियमित कार्रवाई के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। साथ ही मोटरयान दुर्घटना के घायलों को पीएम राहत योजना, आई-रेड एवं ई-डार प्लेटफॉर्म के माध्यम से नामित अस्पतालों में सात दिनों के भीतर 1.50 लाख रुपये तक की कैशलेस उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीआईजी ने सभी शाखा प्रभारियों को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य ▶▶| शेष पेज 11 पर



## खबर संक्षेप

### कार्यपालक निदेशक बने संजय खंडेलवाल



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ में कार्यपालक निदेशकों के प्रभार में परिवर्तन किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक संचारण एवं संधारण के पद पर संजय खंडेलवाल की नियुक्ति दी गई है। वे वर्तमान में दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यरत है। वहीं, राजनांदगांव के कार्यपालक निदेशक शिरीष शैलेट का स्थानांतरण दुर्ग क्षेत्रीय कार्यालय में किया गया ह। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी की मुख्य अभियंता रश्मि वर्मा द्वारा उक्त आदेश जारी किए गए हैं।

### शाला प्रवेशोत्सव 5 को

**भिलाई।** गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा आयोजित बाल संस्कार शाला में प्रवेश दिलायें का आयोजन 5 जुलाई को प्रत्येक रविवार को सुबह 10.30 से 12.30 बजे तक गायत्री मंदिर रिसाली में आयोजित है। जिसमें प्रत्येक माता-पिता यह चाहते हैं कि उनके बच्चे न केवल स्कूली शिक्षा में ही अग्रणी हो, अपितु अन्य कलाओं जैसे-खेलकूद व अन्य सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों में भी प्रावीण्य हो। युगऋषि पं. राम शर्मा आचार्य के सूक्ष्म संरक्षण में गायत्री परिवार शाखा, रिसाली सेक्टर द्वारा व्यापक स्तर पर बाल संस्कार शाला (केन्द्र) चलाये जा रहे हैं।

### दिवंगत चैनसुख भट्टड़ अर्पित की गई श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** जिला सहकारी थोक उपभोक्ता भंडार में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें दिवंगत भाजपा नेता चैनसुख भट्टड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने मानसरोवर यात्रा में यात्रियों को मार्गदर्शन के लिए सन 1998 में दुर्ग शहर में एक संघ का गठन किया गया था। जिसके प्रथम अध्यक्ष चैनसुख भट्टड़ ही थे। 30 जून को भट्टड़ का आकस्मिक निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में शिवराज राउत, विनोद ताम्रकर आदि मौजूद थे।

# दुर्ग में 9, अहिवारा, कुम्हारी, अमलेश्वर 5-5, धमधा, उतई व पाटन में 3-3 एल्डरमैन नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरीय प्रशासन ने दुर्ग जिले के 7 निकायों के लिए एल्डरमैन की नियुक्ति आदेश जारी कर दिया है। लंबे समय से अटकी इस प्रक्रिया के पूरे होने का इंतजार था।

बता दें कि आगामी दिनों में निकाय चुनाव होने हैं। इसमें रिसाली, भिलाई, भिलाई-चरोदा और जामुल निकाय में वार्ड चुनाव होने हैं। इस बीच एल्डरमैन की नियुक्तियों को काफी अहम माना जा रहा है। नगरीय प्रशासन ने जारी आदेश में दुर्ग से 9, अहिवारा, कुम्हारी, अमलेश्वर में 5-5 तथा धमधा, उतई और पाटन में तीन-तीन एल्डरमैन की नियुक्ति की है। दुर्ग निगम क्षेत्र में खास बात यह है कि दो पूर्व पार्षदों को भी मौका दिया गया है। उनमें चमेली साहू और नरेश तेजवानी प्रमुख हैं। नरेश तेजवानी एक बार पार्षद और दो बार पहले भी एल्डरमैन रह चुके हैं।

ये दोनों लंबे समय से भाजपा की राजनीति से जुड़े हुए हैं। पिछले निकाय चुनाव में उनकी टिकट कट गई थी। इसे देखते हुए पार्टी ने उन्हें पुनः निगम की राजनीति और जनता के हितों के लिए काम करने का मौका दिया है। उनके अलावा मदन बढ़ई, अनूप सोनी, तुलसी यादव, दशरथ निर्मलकर, गौरव शर्मा, तेखन सिन्हा, कांतिलाल जैन को भी मौका दिया गया है। चर्चा है कि बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय और मंत्री गजेंद्र यादव की पसंद को प्राथमिकता दी गई है।

## नगरीय प्रशासन ने की जारी की सूची, दुर्ग में दो पूर्व पार्षदों को भी मिला मौका

### सदन में बढ़ेगी भाजपा की ताकत, दुर्ग में हो गए 49 सदस्य

एल्डरमैन की नियुक्ति के साथ ही निकायों में भाजपा की ताकत पहले से और अधिक बढ़ गई है। सदन में उनके सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। दुर्ग निगम में पहले जहां 40 भाजपा समर्थित सदस्य थे। अब 9 जुड़कर 49 हो गए हैं। वर्तमान में निगम में कांग्रेस के 12 और 8 निर्दलीय पार्षद हैं। 60 वार्डों के निगम में पिछले दिनों कांग्रेस, भाजपा और निर्दलीय पार्षदों ने सामूहिक रूप से पिछले दिनों केरल की सैर की। इसमें करीब 38 पार्षद शामिल हुए। कांग्रेस और भाजपा की इस सामूहिक यात्रा को लेकर शहर में खासी चर्चा है। सोशल मीडिया में वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। किसी प्रायोजक के माध्यम से यह यात्रा कराई गई है।

### जिले के 6 अन्य निकायों में भी की गई नियुक्ति

जिले के 6 अन्य निकायों में भी नियुक्तियां कर दी गई है। कुम्हारी से मनहरण साहू, गोल्डी गोस्वामी, सुनीता कुर्रे, अवधेश शुक्ला, प्रणव श्रीवास्तव, अमलेश्वर से सुनील शर्मा, भारती यादव, लक्ष्मी देवांगन, हीरालाल साहू, रामाधार साहू, धमधा से उदयकांत पटेल, मन्नूलाल महोबिया, अजय मिश्रा, पाटन से दमोदर चक्रधारी, प्रकाश बिजौरा, गंगा प्रसाद देवांगन, उतई से शशि वर्मा, चेतन साहू, चंदू देवांगन, अहिवारा से लक्ष्मण क्षत्री, पुनिता राउत, ममता जंघेल, शिव शंकर कश्यप, नंद कुमार यादव को नियुक्त किया गया है।

## मवेशियों को रखने संचालित हो रहे कांजी हाउस और गौशाला, फिर भी दिक्कत

# बारिश आते ही मवेशी एक बार फिर सड़क पर, हटाने के लिए अब तक प्रयास नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आवारा मवेशियों की समस्या जिले में बरकरार है। बारिश आते ही एक बार फिर मवेशी शहर की प्रमुख सड़कों और हाईवे पर खड़े हो रहे हैं। इससे सड़क हादसे का खतरा बढ़ गया है। शहरी सड़कों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे ही हालात है। खास बात यह हैं कि इससे मुख्य सड़कों पर हादसों का खतरा बढ़ गया है। अब तक प्रशासनिक स्तर पर इन मवेशियों को हटाने को लेकर व्यापक पहल नहीं की गई है। इसकी वजह से न ही भिलाई-दुर्ग में इन मवेशियों को हटाने के इंतजाम किए गए हैं, न ही ग्रामीण क्षेत्रों में। ग्रामीण क्षेत्रों में हालत बेहद खराब है। बता दें कि इसे लेकर हाईकोर्ट द्वारा लगातार फटकार लगाई जा रही है। गाइडलाइन जारी की जा रही है। बावजूद इसकी अनदेखी की जा रही है। दो महीने पहले भी बिलासपुर हाईकोर्ट ने राज्य शासन से जवाब मांगा था। इसके बाद राज्य शासन ने जवाब भी प्रस्तुत किया, लेकिन समस्या जस के तस बनी हुई है। प्रतिवर्ष ऐसे ही हालात निर्मित हो रहे हैं। बावजूद स्थाई समाधान अब तक नहीं तलाशा गया है। राज्य शासन ने हाईकोर्ट में पेश जवाब में कहा था कि गौधाम में चारे, पानी और मवेशियों के रहने की पर्याप्त व्यवस्था की है। प्रदेश में कुल 142 रजिस्टर्ड गौशालाएं संचालित हैं, जिनमें करीब 39 हजार मवेशियों का संरक्षण किया जा रहा है।मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने की थी। उन्होंने कहा था कि अगर सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं, तो सड़कों पर आवारा मवेशियों की संख्या कम क्यों नहीं हो रही है। जनहित में लगाई गई याचिका पर लगी याचिका में सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई थी।

**हादसों का बढ़ा खतरा**



### शपथ पत्र में शासन ने कहा- नहीं है कोई अव्यवस्था

जानकारी के मुताबिक मवेशियों को लेकर सामने आ रही इन परेशानियों को लेकर शासन ने कोर्ट में प्रस्तुत शपथ पत्र में कहा था कि कोई भी अव्यवस्था नहीं है। गौशालाओं में पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। प्रदेश में 142 रजिस्टर्ड गौशालाएं संचालित हैं, जिनमें करीब 39 हजार मवेशियों को रखा गया है। डिवीजन बेंच ने यहां तक कहा था कि बार-बार यह बात सामने आ रही है कि गोधाम बनने के बावजूद मवेशी सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि जिम्मेदार पक्षों की ओर से किए गए इंतजाम अब भी पर्याप्त नहीं हैं। जानकारी के मुताबिक इस मामले में जल्द ही सुनवाई होनी है।

### नोडल अफसरों को सौंपी गई जिम्मेदारी, होगी नियमित मॉनिटरिंग

इधर शासन ने यह भी बताया कि 7 नवंबर 2025 को जारी आदेश के तहत विशेष नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इन अधिकारियों की जिम्मेदारी जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग के बीच समन्वय स्थापित करना है, ताकि छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 के तहत जब्त और आवारा मवेशियों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। सरकार ने जिला प्रशासन को पशुपालन विभाग के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि गौधामों में रखे गए मवेशियों को सिर्फ छत ही नहीं, बल्कि चारा, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। इसके अलावा स्टेट और नेशनल हाईवे में निगरानी के इंतजाम किए गए थे। प्रशासनिक स्तर पर निकायों को भी मवेशियों को सड़क से हटाने की जिम्मेदारी दी गई, लेकिन अब तक इसे लेकर खानापूर्ति की गई है।



## प्रज्ञा निर्वाणी ने त्रिपुरा की सांसद महारानी कृति सिंह से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा बेमेतरा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने त्रिपुरा पूर्व लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं कवर्धा राजघराने की बहू महारानी कृति सिंह देबबर्मा से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने शॉल ओढ़ाकर सांसद का सम्मान किया तथा उन्हें छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में आने का स्नेहिल आमंत्रण दिया,कृति सिंह देबबर्मा त्रिपुरा के पूर्व शाही माणिक्य राजपरिवार से संबंध रखती हैं तथा कवर्धा राजघराने की बहू हैं,भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच त्रिपुरा की जनजातीय संस्कृति, महिलाओं के सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता तथा जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सांसद कृति सिंह देबबर्मा ने त्रिपुरा की जनजातीय परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और विकास कार्यों की जानकारी साझा करते हुए देश के विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा, त्रिपुरा की सांसद महारानी कृति सिंह देबबर्मा जनजातीय समाज के उत्थान, संस्कृति के संरक्षण और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। उनके अनुभव पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

हमने उन्हें बेमेतरा आने का आमंत्रण दिया है ताकि छत्तीसगढ़ और त्रिपुरा के बीच सामाजिक एवं सांस्कृतिक संवाद और अधिक सशक्त हो सके। सांसद महारानी कृति सिंह देबबर्मा ने भी प्रज्ञा निर्वाणी को त्रिपुरा आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि वे वहां की जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और भारत की अद्भुत विविधताओं का अध्ययन करें। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के राज्यों की संस्कृति और जीवन शैली को समझना "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को और मजबूत करता है। भेंट के दौरान दोनों ने सामाजिक समरसता, महिला नेतृत्व और जनजातीय समाज के विकास के लिए भविष्य में भी संवाद एवं सहयोग बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की साथ में धर्म स्तंभ कौंसिल के डॉ सौरव निर्वाणी उपस्थित रहे।

## जिले में एल्डरमैन सूची जारी होते ही भाजपा में मची रार, समर्पित कार्यकर्ताओं में असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले के नगरीय निकायों में एल्डरमैन नियुक्ति की लंबे समय से चली आ रही अटकलों पर आखिरकार विराम लग गया है, लेकिन घोषित सूची ने भारतीय जनता पार्टी के भीतर नए राजनीतिक समीकरणों और चर्चाओं को जन्म दे दिया है।

नगरीय निकाय चुनाव के करीब सवा साल बाद जारी हुई नियुक्तियों से जहां कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है, वहीं बड़ी संख्या में ऐसे दावेदार भी हैं जिनकी उम्मीदें टूट गई हैं। इससे पार्टी के अंदरूनी असंतोष की चर्चाएं राजनीतिक गलियारों में तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार, जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में एल्डरमैन नियुक्ति के लिए स्थानीय विधायकों की अनुशंसा पर नाम प्रदेश नेतृत्व को भेजे गए थे, जिसके बाद प्रदेश सरकार ने अंतिम सूची जारी की। हालांकि पार्टी के भीतर यह चर्चा भी है कि सूची तैयार करने में संगठन की अनुशंसाओं और स्थानीय समीकरणों की अहम भूमिका रही। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि निकाय चुनाव के दौरान टिकट से वंचित रहे कई नेताओं को इस बार एल्डरमैन के रूप में अवसर मिलने की पूरी उम्मीद थी। इसके अलावा वर्षों से मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने वाले अनेक समर्पित कार्यकर्ता भी स्वयं को इस जिम्मेदारी का स्वाभाविक दावेदार मान रहे थे। उनका विश्वास था कि संगठन उनके लंबे योगदान, निष्ठा और सक्रियता का सम्मान करेगा, लेकिन घोषित सूची ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। पार्टी के अंदर अब यह चर्चा जोरों पर है कि संगठन के लिए वर्षों तक मेहनत करने वाले कई समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई, जबकि कुछ ऐसे नामों को जगह मिली है जिन्हें संगठनात्मक गतिविधियों में अपेक्षाकृत कम सक्रिय माना जाता रहा है। हालांकि अब तक किसी भी नेता या दावेदार ने सार्वजनिक रूप से नियुक्तियों पर खुलकर नाराजगी व्यक्त नहीं की है, लेकिन अंदरखाने असंतोष की चर्चाएं लगातार बनी हुई हैं। कई कार्यकर्ताओं का मानना है कि यदि लंबे समय से संगठन के लिए कार्य करने वाले लोगों को उचित अवसर नहीं मिला तो इसका असर भविष्य में संगठनात्मक सक्रियता और कार्यकर्ताओं के मनोबल पर पड़ सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि एल्डरमैन जैसी नियुक्तियां केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं होतीं, बल्कि संगठन में कार्यकर्ताओं के सम्मान और राजनीतिक संतुलन का भी महत्वपूर्ण माध्यम मानी जाती हैं। ऐसे में इस सूची को लेकर उठे सवाल आने वाले समय में भाजपा के भीतर संगठनात्मक चर्चाओं का विषय बने रह सकते हैं। फिलहाल पार्टी नेतृत्व सार्वजनिक तौर पर इस पूरे मामले पर मौन है, लेकिन जिले की राजनीतिक फिजा में एल्डरमैन नियुक्ति सबसे चर्चित मुद्दों में शामिल हो गई है।

## पूर्व छात्र युवराज अग्रवाल ने स्कूल को भेंट की सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवकर

नगर के युवा युवराज अग्रवाल ने अपने अध्ययनरत विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सराहनीय पहल करते हुए अपनी स्वर्गीय माता विजय लक्ष्मी अग्रवाल एवं स्वर्गीय पिता दीपक अग्रवाल की स्मृति में विद्यालय परिसर में तीन सीसीटीवी कैमरे भेंट किए हैं।

करीब 20 हजार रुपये की लागत से लगाए गए इन कैमरों से विद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। इस पहल का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि करीब दो माह पूर्व स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ कर लाखों रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। घटना के बाद भी आरोपियों का अब तक पता नहीं चल सका है। विद्यालय नगर के बाहरी क्षेत्र में स्थित होने के कारण रात्रिकालीन सुरक्षा को लेकर लगातार चिंता बनी रहती थी। ऐसे में सीसीटीवी कैमरे लगने से निगरानी आसान होगी और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। युवराज अग्रवाल इसी विद्यालय के पूर्व छात्र हैं। वर्ष 2021 में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान मात्र 15 दिनों के अंतराल में उनके माता-पिता का निधन हो गया था। माता-पिता की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से उन्होंने अपने विद्यालय के लिए यह प्रेरणादायी योगदान दिया है। विद्यालय के प्राचार्य महेश साहू ने बताया कि कैमरों की निगरानी में मुख्य प्रवेश द्वार, कॉरिडोर, कक्षाएं तथा विद्यालय परिसर का प्रमुख हिस्सा रहेगा। इससे विद्यार्थियों और विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी। विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने युवराज अग्रवाल के इस सामाजिक एवं प्रेरणादायी कार्य की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## कोटवार एसोसिएशन पर वित्तीय अनियमितता की शिकायत, 17 को होगी अंतिम सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

कार्यालय रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं, छत्तीसगढ़ ने 'कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़' रायपुर के विरुद्ध वित्तीय अनियमितताओं, अवैध वसूली और पिछले 25 वर्षों से लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव नहीं कराए जाने संबंधी शिकायत पर गंभीर संज्ञान लिया है।

मामले की अंतिम सुनवाई 17 जुलाई 2026 को अपराह्न 3 बजे इंद्रावती भवन, नवा रायपुर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय में निर्धारित की गई है। यह कार्रवाई कोटवार संघ बेमेतरा के जिला अध्यक्ष एवं आवेदक देवेन्द्र सिंह चौहान द्वारा 9 मार्च 2026 को प्रस्तुत शिकायत के आधार पर की जा रही है। शिकायत में एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष प्रेमकिशोर बाघ एवं उनकी कार्यकारिणी पर वित्तीय अनियमितताओं और संगठनात्मक नियमों के उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संस्था में पिछले 25 वर्षों से नियमित एवं लोकतांत्रिक चुनाव नहीं कराए गए हैं। साथ ही, वर्तमान पदाधिकारियों द्वारा सदस्यों से नियमों के विपरीत अवैध रूप से राशि वसूले जाने का भी आरोप है। आवेदक ने वसूली गई राशि का विशेष ऑडिट कराने, वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर निष्पक्ष चुनाव कराने तथा दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा जारी आदेश (क्रमांक/शिका-2028/538/26) के अनुसार, आवेदक देवेन्द्र सिंह चौहान एवं अनावेदक प्रेमकिशोर बाघ को निर्धारित तिथि पर सभी आवश्यक दस्तावेजों और साक्ष्यों सहित व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 'कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़' छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम-1973 के तहत पंजीकृत संस्था है। कोटवार संघ बेमेतरा के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह चौहान ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि यह लड़ाई प्रदेश के हजारों कोटवारों के अधिकारों और उनके हितों की रक्षा के लिए लड़ी जा रही है। उनका आरोप है कि वर्षों से बिना चुनाव के संगठन का संचालन किया जा रहा है और कोटवारों के धन का दुरुपयोग हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि 17 जुलाई की सुनवाई में उन्हें न्याय मिलेगा।

## जिले में विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन का शुभारंभ

# ग्रामीण परिवारों को मिलेगा 125 दिनों का गारंटीशुदा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंचायत सभा कक्ष में गुरुवार को विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (जी-रामजी) का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ

■ **कार्यक्रम में सांसद विजय व विधायक ललित रहे मौजूद**

तिरुपति से केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल तथा विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने की। इस अवसर पर सीईओ बजरंग कुमार दुबे, उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, प्रिया साहू, श्रद्धा साहू, नीलम चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

विजय बघेल ने कहा कि विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंजीकृत ग्रामीण परिवार को अब 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का कानूनी रूप से गारंटीशुदा मांग आधारित रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही छत्तीसगढ़ में मजदूरी दर 262 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है, जिससे ग्रामीण श्रमिकों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत रोजगार की मांग प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर कार्य उपलब्ध कराने तथा मजदूरी का भुगतान सात दिनों के भीतर सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक व्यय की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गई है।



### आपदा निराकरण के लिए करेंगे काम

योजना के अंतर्गत ग्रामीण विकास के चार प्रमुख क्षेत्रों जल सुरक्षा, मूलभूत ग्रामीण अधोसंरचना, आजीविका संवर्धन एवं आपदा-निवारण पर विशेष फोकस किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में स्थायी परिसंपत्तियों एवं आधारभूत अधोसंरचना के निर्माण से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा ग्राम पंचायतों के सतत एवं समग्र विकास को गति मिलेगी। बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सभा के माध्यम से विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार की जाएगी। प्रधानमंत्री गति शक्ति पहल के अनुरूप आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर विकास कार्यों का चयन किया जाएगा। डिजिटल मॉनिटरिंग विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैक (व्हीबी-एनआरआईएस) के माध्यम से की जाएगी, जिससे पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

### 60 दिनों तक काम स्थगित करने का अधिकार

जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने कहा कि योजना के अंतर्गत जल संरक्षण, ग्रामीण सड़क एवं अन्य आधारभूत अधोसंरचना, आजीविका संवर्धन, कौशल विकास तथा प्राकृतिक आपदाओं से बचाव संबंधी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य सरकार को बुवाई एवं कटाई के दौरान श्रम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वर्ष में अधिकतम 60 दिनों तक कार्य स्थगित करने का अधिकार रहेगा। इस अवसर पर बताया गया कि योजना के संबंध में फैलाई जा रही भ्रांतियों का कोई आधार नहीं है। रोजगार की गारंटी को कम नहीं बल्कि 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है। सभी विकास कार्यों का चयन एवं अनुमोदन ग्राम सभाओं द्वारा ही किया जाएगा। योजना के लिए प्राथमिक वित्तीय दायित्व पूर्ववत केंद्र सरकार का रहेगा तथा इसका उद्देश्य सहकारी संघवाद, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ करना है।

## 15 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाय कर्मी मिले सचिव से



**दुर्ग।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग मंत्री अरुण साव के निर्देश पर स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ बीएमएस के पदाधिकारियों ने विभागीय सचिव से प्रदेश के निकायो में व्याप्त अधिकारी कर्मचारी की समस्याओं का 15 सूत्रीय मांग पत्र पर विस्तृत चर्चा की। सचिव ने कहा कि तीन माह के भीतर प्रदेश के निकायो में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों के वेतन भुगतान की समस्या पर सुधार नजर आने लगेगी। अनुकम्पा नियुक्ति के लम्बित प्रकरणों पर पद स्वीकृत का फाइल मंत्री के अनुमोदन प्राप्त होगा। राजस्व निरीक्षकों कि वरिष्ठता सूची का आदेश भी अतिशीघ्र जारी किया जावेगा। निकाय के कर्मचारियों को 5 लाख तक कैशलेश इलाज के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ शीध्र बैठक कर निर्देश जारी किया जाएगा। इस अवसर पर सुरेश तिवारी, राष्ट्रीय मंत्री संजय मिश्रा, संयोजक विष्णु चन्द्राकर, उपाध्यक्ष, गोपाल सिन्हा, जिला प्रवक्ता नवीन साहू, जय प्रकाश दुबे बिलासपुर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नई उम्मीदों के साथ शुरू हुआ शैक्षणिक सफर

**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिल्हाटी में गुरुवार को प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय शंकर गुप्ता, सरपंच अर्जुन साहू, एसएमडीसी सदस्य लिखेंद्र सिंह, हनुमान यदु, गिरिराज, रम्मत पटेल, प्रहलाद, पुनाराम साहू एवं श्रीमती सरिता सोनवान सहित शिक्षक, पालक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। इस अवसर पर कक्षा नवमी एवं दसवीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियो का स्वागत करते हुए उन्हें निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियो को नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षा के महत्व पर प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# आम महोत्सव, युवा शक्ति के उत्साह व एकजुटता का प्रतीकः भावना

- भारतीय संस्कृति, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है आम : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

पंडरिया विधायक भावना बोहरा के मार्गदर्शन में 3 जुलाई को भाजयुमो, पंडरिया विधानसभा द्वारा आयोजित आम महोत्सव-2026 कनक भवन, पंडरिया में उत्साह, उमंग और संगठनात्मक आत्मीयता के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

महोत्सव में भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में युवा साथियों ने सहभागिता करते हुए संगठनात्मक एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम में युवाओं के लिए विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं, समूह खेलों, संवाद सत्रों एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया। आयोजन के दौरान सभी ने आम की विभिन्न किस्मों एवं स्वादों का आनंद लिया। भारी बरसात के बावजूद भी युवाओं में उत्साह देखने को मिला और सभी ने ग्रुप गेम्स में पूरी ऊर्जा के साथ सहभागिता करते हुए पुरस्कार भी जीते।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भाजपा का सबसे बड़ा सामर्थ्य उसके समर्पित कार्यकर्ता और ऊर्जावान युवा हैं। संगठन तभी सशक्त बनता है, जब कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीय संवाद, विश्वास और पारिवारिक वातावरण विकसित होता है। आम महोत्सव-2026 इसी भावना को सुदृढ़ करने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि युवा केवल राजनीतिक परिवर्तन के वाहक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने, संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने तथा सकारात्मक ऊर्जा के साथ समाज के बीच कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। भाजपा का संगठन परिवार की भावना से कार्य करता है। कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय, संवाद और अपनत्व ही संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है। भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को समाज सेवा, राष्ट्रहित और संगठन की विचारधारा से निरंतर जोड़ा जाएगा।



### युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी किया प्रेरित

भावना बोहरा ने कहा कि फलों का राजा कहे जाने वाला आम भारतीय संस्कृति, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। यह केवल एक फल नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति में आम के पेड़ का अत्यंत महत्व है। आम की पत्तियों और लकड़ियों का भी हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। हमारे घरों में मांगलिक कार्य होने पर हम आम की पत्तियों से तोरण बनाते है एवं आम की सूखी लकड़ियों का उपयोग हवन एवं पूजा में करते है। हमारी संस्कृति हमें प्रकृति के प्रति सम्मान, संरक्षण और संतुलित जीवन का संदेश देती है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी प्रेरित किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत व किसानों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो सार्थक प्रयास और जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, उसे जन-जन तक पहुंचाने में भी भाजपा युवा मोर्चा के साथियों का विशेष योगदान और सहयोग रहा है।

## विरोध: गरीबों के घर तोड़ने वाली सरकार को जनता माफ नहीं करेगी: नवीन जायसवाल

# भाजपा ने गरीबों के सपनों पर चलाया बुलडोजर, कांग्रेस ने किया पुतला दहन

- मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को नकटी गांव के 85 गरीब परिवारों के मकान तोड़े जाने के विरोध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झूमाझटकी भी हुई, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता गरीबों को न्याय दिलाने की मांग पर डटे रहे।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार कभी गरीबों, किसानों और आम जनता की हितैषी नहीं हो सकती। रायपुर जिले के ग्राम नकटी में विधायक कॉलोनी बनाने के नाम पर 85 गरीब परिवारों को बेघर कर देना अमानवीय और अन्यायपूर्ण है। बरसात के बीच लोगों के सिर से छत छीन लेना संवेदनहीन शासन का सबसे बड़ा उदाहरण है। किसी का घर टूटता है तो केवल दीवारें नहीं गिरतीं, बल्कि बच्चों के सपने, बुजुर्गों का सहारा और पूरे परिवार का भविष्य भी मलबे में दब जाता है।

उन्होंने कहा कि यही मामला पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी आया था, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरीबों की बस्ती उजाड़कर विधायकों के आवास बनाने से साफ इनकार कर दिया था। उस समय आवास एवं पर्यावरण विभाग के मंत्री रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर के समक्ष भी यह विषय आया था, लेकिन गरीबों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बस्ती को नहीं हटाया गया। जबकि नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 50 से अधिक ऐसे स्थान उपलब्ध हैं, जहां विधायक कॉलोनी बनाई जा सकती है। नवीन जायसवाल ने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने स्वयं जानकारी दी थी और मंत्री ओपी चौधरी ने नकटी गांव को चिन्हांकित किए जाने का उल्लेख किया था। इससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से गरीबों को उजाड़ने का निर्णय लिया। किसी भी संवेदनशील सरकार की पहचान गरीबों का पुनर्वास होती है, न कि बुलडोजर चलाकर उन्हें बेघर करना। कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि नकटी गांव के 85 प्रभावित परिवारों को सम्मानजनक पुनर्वास और न्याय नहीं मिला, तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में चरणबद्ध जनआंदोलन तेज करेगी। गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। इस दौरान जिले के कांग्रेस पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं उपस्थित थें।






### प्रभावित परिवारों को तत्काल न्याय की मांग

जिला महामंत्री मनीष शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की बुलडोजर कार्रवाई गरीब परिवारों पर सरकारी दमन का प्रतीक बन गई है। बरसात के मौसम में लोगों के घर तोड़ना अमानवीय कृत्य है। कांग्रेस इस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करती है और प्रभावित परिवारों को तत्काल न्याय एवं पुनर्वास देने की मांग करती है।

### भाजपा की नीतियों का दुष्प्रभाव महिला व बच्चों पर

महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा अनंत ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। बरसात के बीच परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं और छोटे-छोटे बच्चे भोजन व सुरक्षा के लिए तरस रहे हैं। यह किसी भी लोकतांत्रिक और संवेदनशील सरकार के लिए शर्मनाक स्थिति है।

# माकरी-गिरधारी कापा मार्ग जर्जर व बदहाल



- भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों द्वारा जिला कलेक्टर को माकरी से गिरधारी कापा तक जाने वाले मुख्य मार्ग की अत्यंत जर्जर एवं बदहाल स्थिति को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सड़क की शीघ्र मरम्मत एवं बड़े-बड़े गड्ढों की तत्काल भराई कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि लंबे समय से सड़क की स्थिति खराब होने के कारण आम नागरिकों, ग्रामीणों एवं राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से स्कूली बच्चों को अत्यधिक दिक्कत हो रही है, क्योंकि खराब सड़क के कारण स्कूल वाहन इस मार्ग पर आने से बच रहे हैं। वहीं सायकिल एवं पैदल स्कूल जाने वाले बच्चों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा लगातार बना हुआ है। जिस पर भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए मार्ग का शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

इस दौरान भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के सह संस्थापक आरके डहरिया, प्रदेशाध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी, प्रदेश कार्य प्रभारी जयप्रकाश पोर्ते, जिलाध्यक्ष अजय बघेल, जिला कार्य अध्यक्ष सेतु कोसले, जिलाध्यक्ष युवा विंग उमेद चेल्कर, जिला उपाध्यक्ष युवा संजू पोर्ते, जिला महासचिव डिकेश सत्यवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष पंडरिया राजेश कुर्रे, अश्विन भट्ट, अनिल, रामदास कोसले एवं लक्ष्मीनारायण डाहिरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें।

# नए सत्र के पहले दिन लायंस क्लब ने किया डॉक्टरों व सीए का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लायंस इंटरनेशनल के सत्र 2026-27 के पहले दिन 1 जुलाई बुधवार को डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ने अवकाश प्राप्त प्राचार्य आरपी सिंह के पुत्र व पुत्री डॉ नवनीत सिंह ठाकुर, डॉ रूपाली सिंह ठाकुर तथा कारोबारी उमाशंकर गुप्ता की पुत्री चार्टर्ड अकाउंटेंट सुश्री जान्हवी गुप्ता को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि इस सत्र के अध्यक्ष लायन आनंदप्रकाश दानी, सचिव लायन हरीश गाँधी तथा लायन सदस्य बीआर चन्द्रवंशी व बद्री प्रसाद चन्द्रवंशी इस वक्त लायन इंटरनेशनल के वार्षिक अधिवेशन में भाग लेने हांगकांग में हैं। हांगकांग में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी का शपथ ग्रहण भी होना है। इस अधिवेशन में छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के 70 से अधिक सदस्य शामिल हो रहे हैं। आज के कार्यक्रम में आनरेरी गवर्नर एमजेएफ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, माइक्रो चेयरपर्सन लायन नीरज मनजीत छाबड़ा, डिस्ट्रिक्ट चैयरपर्सन लायन बीपी गुप्ता, प्रथम उपाध्यक्ष लायन रेखराज मूंदड़ा, सह कोषाध्यक्ष लायन राजकुमार गुप्ता सहित अनेक लायंस उपस्थित थे।

## पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, हरित अभियान से जुड़ने की अपील

**पंडरिया।** नगर में पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में विभिन्न सामाजिक और व्यक्तिगत अवसरों पर पर्यावरण प्रेमियों ने पौधारोपण कर लोगों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्यों ने नए बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर कदम्ब, नीम और अन्य छायादार पौधे रोपित कर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने की अपील की। पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्य मोहन राजपूत के पिता राजकुमार सिंह ठाकुर ने नए बाजार में कदम्ब का पौधरोपित किया। वहीं समिति के सदस्य एवं प्रधान पाठक एसएल कुर्रे तथा खैरझिटी निवासी व्याख्याता निरंजन जायसवाल ने भी कदम्ब, नीम और कोनाकार्पस के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शिक्षक सुमित पांडेय ने भी नए बाजार में नीम का पौधरोपित कर पौधों के संरक्षण का संकल्प दोहराया। इसी कड़ी में ब्लॉक मुख्यालय के समीप स्थित पूर्व माध्यमिक शाला डोमसरा की प्रधान पाठक कुमुदिनी तिवारी ने अपने पति द्वारिका तिवारी, विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों की उपस्थिति में स्कूल परिसर में कदम्ब का पौधा लगाया। इस दौरान बच्चों को पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का महत्व भी बताया गया।

## सेवानिवृत शिक्षक को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

शिक्षा के क्षेत्र में लगभग चार दशकों तक अपनी निष्ठा, अनुशासन एवं सेवाभाव से विद्यार्थियों के जीवन को आलोकित करने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेन्हाभाठा के प्रधान पाठक मनहरण लाल मानिकपुरी के सेवानिवृत्ति अवसर पर उनके समस्त परिवार द्वारा आयोजित भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह ने उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। यह आयोजन केवल एक विदाई नहीं, बल्कि एक कर्मयोगी शिक्षक के प्रति परिवार, समाज और शिक्षा जगत की सामूहिक सम्मान का प्रतीक बन गया। समारोह के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडरिया दीपक ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनहरण लाल मानिकपुरी ने अपने संपूर्ण सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन का जो आदर्श प्रस्तुत किया है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। ऐसे शिक्षक किसी भी संस्था की अमूल्य धरोहर होते हैं। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता आरके महरा ने कहा कि एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, बल्कि उसके विचार, संस्कार और शिक्षा जीवनभर समाज का मार्गदर्शन करते रहते हैं। श्री मानिकपुरी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। अपने उद्बोधन में शत्रुहन डड़सेना ने कहा कि आज परिवार द्वारा जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ यह समारोह आयोजित किया गया है, वह भारतीय संस्कृति के पारिवारिक मूल्यों का उत्कृष्ट योगदान है।

## पेज 9 के शेष

### कोटवार संघ ने 6 सूत्रीय ...

रूप से बलराम दास मानिकपुरी, खेदूदास मानिकपुरी, केशव दास मानिकपुरी, साहेब दास मानिकपुरी, रूपदास, दीना, सतीस, रामकुमार, राजूदास, गोविन्द, कृष्णा चौहान, कीर्तन बाई, लीलाबाई सहित ब्लॉक क्षेत्र के करीब ४५ से ५० की संख्या में कोटवार और संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

### कार्यालयीन कार्यों ...

करने, पुलिसिंग की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा पुलिस कार्यालय आने वाले नागरिकों की समस्याओं का शालीनता और तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिला जेल के 500 मीटर ...

विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि इस निर्णय का उद्देश्य जिला जेल की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाना तथा किसी भी संभावित सुरक्षा खतरे को समय रहते रोकना है।

## ग्रामीणों ने मरम्मत कार्य की उठाई मांग, आवाजाही बाधित

# घोरपेंड्री-बसनी प्रधानमंत्री सड़क बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम घोरपेंड्री से बसनी तक लगभग 1.5 किलोमीटर लंबी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क का गारंटी अवधि का लगभग एक वर्ष शेष होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा मरम्मत कार्य नहीं कराया जा रहा है। केवल सूचना बोर्ड की रंगाई-पुताई कर औपचारिकता निभाई गई है, जबकि सड़क की मरम्मत नहीं की गई।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाने से आवागमन और अधिक जोखिमपूर्ण हो गया है। सड़क की हालत ऐसी है कि कई स्थानों पर डामर पूरी तरह उखड़ चुका है। इससे ग्रामीणों, किसानों, वाहन चालकों तथा पैदल चलने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों की परेशानी सबसे अधिक बढ़ गई है। पहली कक्षा से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है। खराब सड़क के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनने वाली सड़कों का ठेकेदार को निर्धारित अवधि तक रखरखाव करना होता है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराया जाना गंभीर लापरवाही है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मामले का संज्ञान लेकर तत्काल सड़क की मरम्मत कराने तथा संबंधित ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।






## खबर संक्षेप

### बदमाश सोमेश जिला बदर, दर्ज हैं 27 मामले

**भिलाई।** बदमाश ग्राम अंजोरा निवासी सोमेश वैष्णव के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। सोमेश वैष्णव के खिलाफ जिलाबदर का आदेश पारित किया गया। सोमेश पर 2002 से 2023 के मध्य लूट, मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी, अवैध हथियार रखने और अवैध शराब बेचने समेत कुल 27 आपराधिक प्रकरण थानों में दर्ज है. बार-बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किए जाने के बावजूद आरोपी के आचरण में सुधार नहीं होने और उसकी गतिविधियों से क्षेत्र की लोक व्यवस्था प्रभावित होने पर जिलाबदर किया गया।

## निधन

### गणेश राम कन्नौजे



**साजा।** डोंगी तराई निवासी गणेश राम कन्नौजे का निधन शुक्रवार को हो गया। वे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी नेतराम कन्नौजे के पिता थे। अंतिम संस्कार शनिवार को गांव के मुक्तिधाम में किया जायेगा।

## आयोजन

### बेरला में विकसित भारत- रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) का शुभारंभ

# ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता : कल्पना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

- कौशल विकास और स्वरोजगार के प्रति किया जागरूक

विकासखंड में ब्लॉक स्तरीय जन सम्मेलन के दौरान विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) योजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, पंचायत प्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, ग्रामीणों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तिवारी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का विस्तार करना, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा गांवों को आत्मनिर्भर बनाना है।




उन्होंने कहा कि यह मिशन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ पंचायतों में विकास कार्यों को गति देगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। श्रीमती तिवारी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना भी है।

उन्होंने कहा कि पंचायतों के आर्थिक रूप से मजबूत होने पर ही विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। इसके लिए विभिन्न योजनाओं का समन्वित रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार स्थापित करने का आह्वान किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए तथा ग्रामीणों को इसकी विस्तृत जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों को स्वरोजगार, कौशल विकास एवं आजीविका से संबंधित योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, सरपंच संघ अध्यक्ष पिंटू सिन्हा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ), जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्व-सहायता समूहों की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त एल्डरमैनों ने दीपेश साहू से की मुलाकात



**बेमेतरा।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत बेरला एवं नगर पालिका परिषद बेमेतरा के नवनियुक्त एल्डरमैनों ने विधायक दीपेश साहू से सौजन्य मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक ने सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों का भाजपा गमछा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। साथ ही नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि एल्डरमैन का दायित्व केवल एक पद नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का अवसर है। उन्होंने सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों से निष्ठा, ईमानदारी और सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आग्रह किया। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। इस अवसर पर नगर पंचायत बेरला के नवनियुक्त एल्डरमैन प्रतिमा राजपूत, सूर्यकांत साहू एवं कन्हैया सेन तथा नगर पालिका परिषद बेमेतरा के नवनियुक्त एल्डरमैन राकेश मोहन शर्मा, तारण सिंह राजपूत एवं कमलेश वर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान में शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, विधायक प्रतिनिधि बेरला अमृतलाल महेश्वरी, अरुण साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल राजदेहलहरा, सभापति शिव झड़ी सिन्हा, पिंकी गुप्ता, राजू साहू, मोहित साहू, रवि राजपूत सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लेंजवारा समिति में पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

विकासखंड बेरला अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित लेंजवारा (पंजीयन क्रमांक-387) में सहकारी सप्ताह के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति परिसर में पदाधिकारियों, किसानों एवं ग्रामीणों ने मिलकर छायादार और फलदार पौधे रोपते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

समिति अध्यक्ष ने बताया कि सहकारी सप्ताह के अंतर्गत इस वर्ष 'सहकार से समृद्धि और पर्यावरण से सुरक्षा' थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में समिति परिसर में नीम, आम, पीपल और गुलमोहर के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में समिति प्रबंधक, संचालक मंडल के सदस्य, स्थानीय किसान तथा ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

इस अवसर पर संचालक मंडल के सदस्यों ने कहा कि सहकारी समितियां केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वृक्षारोपण जैसी पहल से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सकेगा। कार्यक्रम के अंत में सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने तथा अधिक से अधिक किसानों को समिति से जोड़ने पर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों ने समिति की इस पर्यावरण हितैषी पहल की सराहना की।

# सही मार्गदर्शन और अनुशासित मेहनत से ग्रामीण छात्र भी पा सकते हैं मुकाम : पटेल



**बेमेतरा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जांता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नीट, जेईई सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, अध्ययन तकनीक, समय प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारण के प्रति जागरूक करना था। मुख्य वक्ता मेमोरी गुरु, शिक्षाविद् एवं समाधान कॉलेज के डायरेक्टर अवधेश पटेल ने कहा कि सफलता के लिए बड़े शहरों में जाना आवश्यक नहीं है। सही मार्गदर्शन, अनुशासित अध्ययन और निरंतर मेहनत से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पा सकते हैं। उन्होंने स्मरण शक्ति बढ़ाने, एकाग्रता विकसित करने, समय का सदुपयोग करने और सकारात्मक सोच बनाए रखने के व्यावहारिक सुझाव दिए।

### आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी: रूपेश वर्मा

विशेष अतिथि आईआईटीयन रूपेश वर्मा ने अपनी सफलता की यात्रा साझा करते हुए नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य पी.एल. जायसवाल ने कहा कि अनुशासन, सही दिशा और सतत प्रयास से ही विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से समय का सदुपयोग करने और अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने इसे अत्यंत प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा जताई।

